प्रेस नोट संख्या- 48

दिनांक 28.03.2025

सराहनीय कार्य गौरीगंज पुलिस

हत्या का खुलासा, हत्या में शामिल 02 नफर बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में लेकर उनकी निशानदेही पर मृतक का 01 अदद ई-रिक्शा, 01 अदद मोबाइल फोन किया गया बरामद ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 9/10.03.2025 को थाना गौरीगंज जनपद अमेठी अन्तर्गत टिकरिया फैक्ट्री के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला था जिनकी पहचान कमलेश यादव पुत्र राम आसरे निवासी वार्ड नंबर 24 कटरा लालगंज थाना गौरीगंज के रूप में उनके परिजनों द्वारा की गई थी । अंतिम संस्कार के उपरान्त मृतक के परिजनों द्वारा कमलेश यादव उपरोक्त की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को थाना गौरीगंज पर तहरीर देकर मु0अ0सं0 101/ 25 धारा 103(1), 238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था । पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना के अनावरण एवं घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे ।

अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में उक्त घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 28.03.2025 को निरीक्षक शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा सर्विलांस की मदद से गोपालापुर मोड़ के पास से 02 किशोरों को पुलिस निगरानी में लेकर उनके पास मौजूद कीपैड मोबाइल के संबंध पूछा गया तो दोनों ने बताया कि दिनांक 09.03.2025 को हम दोनों गौरीगंज घूमने गये थे । गौरीगंज घूमने के बाद मुसाफिरखाना तिराहे से एक ई-रिक्शा गोपालापुर जाने के लिये 200 रुपये में बुक किया था । गोपालापुर गांव के नजदीक पहुंचने पर ई-रिक्शा चालक ने रुपये मांगे । हम दोनों के पास कुल 100 रुपये थे जिसको लेकर चालक से विवाद हो गया था और चालक हम दोनों को गाली देने लगा था । हम दोनों ने जोर से चालक को धक्का मार दिया था जिससे चालक गिरकर बेहोश हो गया था । कुछ लोगों ने हमलोगों को कहासुनी करते हुये देख लिया था । चालक की मृत्यु को आत्म हत्या का रूप देने के लिये हमलोग चालक को टिकरिया रेलवे लाइन की पटरी पर लिटा दिये थे एवं ई-रिक्शा को वहां से ले जाकर टिकरिया में सूनसान स्थान पर झाड़ियों में छिपाकर चले गये थे । चालक से हाथापाई के दौरान हमलोगों का एक मोबाइल वहीं गिर गया था जिसे लेने के लिये वहां गया तो हमलोगों को अपने मोबाइल के साथ एक की-पैड मोबाइल व एक घड़ी पड़ी मिली जिसे हम लोग उठाकर ले आये थे, यह मोबाइल वही है । उक्त दोनों बाल अपचारी की निशानदेही पर मृतक कमलेश यादव का ई-रिक्शा टिकरिया के पास झाड़ियो से बरामद किया गया । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा दोनों बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

बरामदगी-

- मृतक का 01 अदद ई-रिक्शा, 01 अदद की-पैड मोबाइल, 01 अदद घड़ी ।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 101/25 धारा 103(1), 238 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।

पुलिस टीम-

1. श्री श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज जनपद अमेठी ।
2. निरीक्षक शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
3. का0 दीपचन्द्र यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
4. का0 सुरेन्द्र कुमार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
5. सर्विलांस टीम जनपद अमेठी ।